# मस्त नज़रों से | By Mona Shyam Deewani

मस्त नज़रों से जिसका पड़ा वास्ता
वो तो खुशियों से दामन भरा ले गया
जिसने बाबा को अपना ये दिल दे दिया
उसको श्याम का पल में बुलाया गया
मस्त नज़रों से .............

उसकी चौखट पे जाके हैं सब सुख मिले
मिट जाते हैं ग़म दूर होते गिले
जाके चरणों में सर को झुका है दिया
उसको श्याम का प्रेमी बुलाया गया
मस्त नज़रों से .............

किसी जन्नत से कम ना लगे खाटू धाम
जहाँ जाते ही मिलता है दिल को आराम
उसकी रेहमत का हर कोई दीवाना हुआ
उसको श्याम का प्रेमी बुलाया गया
मस्त नज़रों से .............

श्याम नाम की मोना भी पागल हुई
चमकी किस्मत जो सदियों से सोइ हुई
प्रिंस हार के उसके द्वारे गया
उसको श्याम का प्रेमी बुलाया गया
मस्त नज़रों से .............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%a4-%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-mona-shyam-deewani/